परीक्षार्थी का अनुक्रमांक ......................

# अर्धवार्षिक परीक्षा 2022 -23

## कक्षा 11 वीं

## विषय हिंदी

कुल प्रश्नों की संख्या :23) सेट-A ( कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या 07

समय 3:00 घंटा पूर्णांक 80

---

**निर्देश :-**

(i) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न है, जिनमें सही विकल्प 6 अंक, रिक्त स्थान 7 अंक,सही जोड़ी 6 अंक एक वाक्य में उत्तर 7 अंक,सत्य /असत्य 6 अंक के प्रश्न होंगे ।

(iii) प्रश्न क्रमांक6 से 15 तक लघु उत्तरीयप्रश्न है, शब्द सीमा 30 शब्द है । प्रत्येक प्रश्न के लिए दो-दो अंक आवंटित है ।

(iv) प्रश्न क्रमांक 16 से 19 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है ।शब्द सीमा 75शब्द। प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक आवंटित है ।

(V) प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक के प्रश्नों के लिए 4अंक आवंटित हैं ।प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 120 शब्दों में लिखिए।

(vi) प्रश्न 6 से 23तक सभी प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

---

**प्रश्न 1** सही विकल्प चुनकर लिखिए ।

(i) 'न हो कमीज तो पाँवों से पेट ढक लेंगे ' पंक्ति में कवि ने भारतीयों की किस मनोवृत्ति पर व्यंग्य किया है ?

(अ) संतोषी वृत्ति (ब) निर्धनता

(स) भक्ति वृत्ति (द) संघर्ष

(ii) अमित को मैथ्स में कुल कितने नंबर मिले थे?

(अ) 70 (ब) 72 (स) 74 (द) 76

(iii) नमक का नया विभाग बनते समय लोग किसके सहारे अपना व्यापार करने लगे?

(अ) छल - प्रपंच (ब) ईमानदारी

(स) लालच (द) इनमे से कोई नहीं

https://www.mpboardonline.com

(iv) मियाँ नसीरुद्दीन ने किस रोटी को पापड़ से ज्यादा महीन बताया ?

(अ) खमीर (ब) तुनकी

(स) नानबान (द) ताफतान

(v) एक पत्रकार समाचार के रूप में पेश करता है

(अ) कल्पना को (ब) यथार्थ को

(स) भावनाओं को (द) झूठे अतीत को

(vi) कोमल कान्त पदावली का प्रयोग होता है ।

(अ) प्रसाद (ब) माधुर्य

(स) ओज (द) उपरोक्त में से कोई नहीं

**प्रश्न 2** रिक्त स्थान में सही शब्द का चयनकर लिखिए -

(i) पटकथा को अंग्रेजी में---------- कहतेहै (स्क्रीनप्ले/कर्टनस्टोरी)

(ii) तातुश के --------लड़केथे। (दो/तीन)

(iii) 'चंपा काले अक्षर नहीं चीन्हती ' कविता में------महानगर का नाम आता है (कलकत्ता /दिल्ली)

(iv) भवानी प्रसाद मिश्र अपने पिता के---------पुत्र थे (चौथा/पांचवा)

(v) धनराम--------- दर्जेतक ही स्कूलका मुंहदेख पाया था। (तीसरे /पांचवें)

(vi) जामुन के पेड़ के नीचे दबे आदमी की भी ---------पूर्ण हो चुकी थी (फाइल/लाइफ)

(vii) छोटा बालक में -------- विशेषण है (छोटा/बालक)

**प्रश्न 3** सही जोड़ी बनाइए

| स्तंभ 'अ '. | स्तंभ 'ब ' |
|---|---|
| (i) बाल मुकुंद गुप्त | A लक्ष्मीपर विश्वास |
| (ii) हमतो एक-एककरिजाना | B अक्कमहादेवी |
| (iii) हेभूख !मत मचल | C कबीर |
| (iv) पंडित अलोपीदीन | D लक्षणा |
| (v) आलो-आंधारि | E विदाई संभाष |
| (vi) मोहन शेर है। | F बेबीहालदार |
| | G हरिवंश राय बच्चन |
| | H कुमार गंधर्व |

प्रश्न 4 एक वाक्य में उत्तर दीजिए

(i) गड़े मुर्दे उखाड़ने का क्या अर्थ है?

(ii) वाच्य कितने प्रकार के होते हैं ?

(iii) भूमि की सतह पर पाए जाने वाले पानी का नाम लिखिए।

(iv) मियां नसीरुद्दीन कितने किस्म की9 रोटियां पकाने में मशहूर थे?

(v) तर्क ने किसको पुष्ट किया ?

(vi) मीराबाई की भाषा किस प्रकार की है ?

(vii)' एक कंठ विषपायी' के रचनाकार का नाम लिखिए

प्रश्न 5 सत्य / असत्यलिखिए ---

(i) श्रीनिवास मिठाई वाले की भूमिका निभाने वाले सज्जन की मृत्यु हो गई थी ।

(ii) दुष्ट गाय के जाने से सीधी गाय प्रसन्न न थी।

(iii) कबीर प्रेम मार्गी शाखा के कवि है।

(iv) त्रिलोचन को साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ ।

(v) सिनेमा का आविष्कार न्यूटन ने किया।

(vi) दूरदर्शन से आकाशवाणी अप्रैल 1976 में अलग हुआ।

प्रश्न6 नई कविता की विशेषताएं लिखिए।

अथवा

रहस्यवाद की विशेषताएँ लिखिए।

प्रश्न7 अपना घर से क्या तात्पर्य है?

अथवा

भवानी प्रसाद मिश्र ने पिता के व्यक्तित्व की किन विशेषताओं को उकेरा है?

प्रश्न8 अभिधा शब्द शक्ति की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए।

अथवा

दुर्मिलसवैया की परिभाषा लिखिए।

प्रश्न9 शब्द गुण किसे कहते हैं? माधुर्य गुण का उदाहरण दीजिए।

अथवा

भ्रांतिमान अलंकार का उदाहरण लिखिए।

प्रश्न10 द्विवेदी युगीन गद्य की दो विशेषताएं लिखिए।

अथवा

https://www.mpboardonline.com

उपन्यास के तत्वों के नाम लिखिए।

प्रश्न11 यदि आप माली की जगह होते तो क्या करते? तर्क सहित बताइए।

**अथवा**

मोहन के चरित्र की दो विशेषताएं लिखिए।

प्रश्न.12 राष्ट्रभाषा किसे कहते हैं?

**अथवा**

भाषा और बोली में अंतर लिखिए।

प्रश्न.13 किन्ही दो तकनीकी शब्दों को लिखिए।

**अथवा**

उपसर्ग और प्रत्यय में अंतर बताइए।

प्रश्न.14 कुई खोदते समय ऊपर से रेत क्यों डालते हैं?

**अथवा**

तातुशबेबी के आने पर खुश क्यों हो जाते हैं?

प्रश्न15 समाचार के तत्व कौन कौन से हैं?

**अथवा**

नाटक और एकांकी में अंतर बताइए।

प्रश्न16 दुष्यंत कुमार अथवा मीराबाई का कव्यगत परिचय निम्न बिंदुओं के आधार पर लिखिए

अदो रचनाएं ब.भावपक्ष - कलापक्ष स.साहित्य में स्थान -

प्रश्न17 शेखर जोशी अथवा मन्नू भंडारी का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर लिखिए

अ. दो रचनाएं ब. भाषा शैली स. साहित्य में स्थान

प्रश्न18 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय का भाव पल्लवन कीजिए

क. तालीम की तालीम ही बड़ी चीज है।

ख. परहित सरिस धर्म नहिं भाई।

प्रश्न19 नीचे लिखे अपठितगद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

सभ्यता का विकास आदर्श चरित्र से ही संभव है। जिस समाज में चरित्रवान व्यक्तियों का बाहुल्य है, वह समाज सभ्य होता है और वही उन्नत कहा जाता है। चरित्र मानव-समुदाय की अमूल्य निधि है। इसके अभाव में व्यक्ति पशुवत व्यवहार करने लगता

https://www.mpboardonline.com

है। आहार, निद्रा भय आदि की वृत्ति सभी जीवों में विद्यमान रहती है, यह आचार अर्थात चरित्र की ही विशेषता है, जो मनुष्य को पशु से अलग कर, उससे ऊँचा उठा मनुष्यत्व प्रदान करती है। सामाजिक अनुशासन बनाए रखने के लिए भी चरित्र-निर्माण की आवश्यकता है। सामाजिक अनुशासन की भावना व्यक्ति में तभी जाग्रत होती है, जब वह मानव प्राणियों में ही नहीं, वरन सभी जीवधारियों में अपनी आत्मा के दर्शन करता है।

प्रश्न

(क) हमारे धर्मनीतिकार नैतिक मूल्यों के प्रति विशेष जागरूक क्यों थे?

(ख) चरित्र मानव-जीवन की अमूल्य निधि कैसे है? स्पष्ट कीजिए।

(ग)गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए

**अथवा**

**नीचे लिखेअपठितकाव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए—**

यह जीवन क्या है ? निर्झर है, मस्ती ही इसका पानी है।
सुख-दुख के दोनों तीरों से चल रहा राह मनमानी है।
कब फूटा गिरि के अंतर से? किस अंचल से उतरा नीचे।
किस घाटी से बह कर आया समतल में अपने को खींचे।
निर्झर में गति है जीवन है, वह आगे बढ़ता जाता है।
धुन एक सिर्फ़ है चलने की, अपनी मस्ती में गाता है।
बाधा के रोड़ों से लड़ता, वन के पेड़ों से टकराता,
बढ़ता चट्टानों पर चढ़ता, चलता यौवन से मदमाता।
लहरें उठती हैं, गिरती हैं, नाविक तट पर पछताता है,
तब यौवन बढ़ता है आगे, निर्झर बढ़ता ही जाता है।
निर्झर कहता है बढ़े चलो! देखो मत पीछे मुड़कर,
यौवन कहता है बढ़े चलो! सोचो मत क्या होगा चल कर।
चलना है केवल चलना है! जीवन चलता ही रहता है,
रुक जाना है मर जाना है, निर्झर यह झरकर कहता है।

**प्रश्नः**

(क) जीवन की तुलना निर्झर से क्यों की गई है?

(ख) जीवन और निर्झर में क्या समानता है ?

https://www.mpboardonline.com

(ग) काव्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

प्रश्न20 निम्नलिखित पठित काव्यांशका सप्रसंग भावार्थ लिखिए ---

वो मुतमइन हैं कि पत्थर पिघल नहीं सकता,
मैं बेक़रार हूँ आवाज़ में असर के लिए।
तेरा निज़ाम है सिल दे ज़ुबान शायर की,
ये एहतियात ज़रूरी है इस बहर के लिए।
जिएँ तो अपने बग़ीचे में गुलमोहर के तले,
मरें तो ग़ैर की गलियों में गुलमोहर के लिए।

**अथवा**

चंपा काल-काल अच्छर नहीं चन्हती
मैं जब पढ़ने लगता हूँ वह आ जाती है
खड़ी खड़ी चुपचाप सुना करती है
उसे बड़ा अचरज होता है:
इन काले चीन्हों से कैसे ये सब स्वर
निकला करते हैं।

प्रश्न21 नीचे दिए गए गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए———

आगे भी इस देश में जो प्रधान शासक आए, अंत में उनको जाना पड़ा। इससे आपका जाना भी परंपरा की चाल से कुछ अलग नहीं है, तथापि आपके शासनकाल का नाटक और दुखांत है, और अधिक आश्चर्य की बात यह है कि दर्शक तो क्या, स्वयं सूत्रधार भी नहीं जानता था कि उसने जो खेल सुखांत समझकर खेलना आरंभ किया था, वह दुखांत हो जावेगा। जिसके आदि में सुख था, मध्य में सीमा से बाहर सुख था , उसका अंत ऐसे घोर दुख के साथ कैसे हुआ? आह ! घमंडी खिलाड़ी समझता है कि दूसरों को अपनी लीला दिखाता हूं। परन्तु पर्दे के पीछे एक और ही लीलामय की लीला हो रही है, यह उसे खबर नहीं।

**अथवा**

लोहे की एक मोटी छड़ को भट्ठी में गलाकर धन राम 'गोलाई' से मोड़ने की कोशिश कर रहा था एक हाथ से संडसी पकड़ कर जब वह दूसरे हाथ से हथौड़े की चोट मारता तो निहाई पर ठीक घाट में सिरा न फसने के कारण लोहा उचित ढंग से मुड़ नहीं पा रहा था। मोहन कुछ देर तक उसे काम करते हुए देखता रहा फिर जैसे अपने संकोच

https://www.mpboardonline.com

त्याग कर उसने दूसरी पकड़ से लोहे को स्थिर कर लिया और धन राम के हाथ से हथोड़ा लेकर नपी तुली चोट मारते अभ्यस्त हाथों से धौकनी फूंक कर लोहे को दोबारा भट्टी में गरम करते और फिर निहाई पर रखकर उसे ठोकते पीटते सुघड़ गोले का रूप दे डाला। मोहन का यह हस्तक्षेप इतनी फुर्ती और आकस्मिक ढंग से हुआ था कि धनराम को चूक का मौका ही नहीं मिला वह अवाक मोहन की ओर देखता रहा उसे मोहन की कारीगरी पर उतना आश्चर्य नहीं हुआ जितना पुरोहित खानदान के एक युवक का इस तरह से काम में उसकी भट्टी पर बैठकर हाथ डालनेपर हुआ था वह शंकित दृष्टि से इधर-उधर देखने लगा।

**प्रश्न22** अंकसूची की द्वितीय प्रति प्राप्त करने हेतु माध्यमिक शिक्षा मंडल के सचिव को पत्र लिखिए।

**अथवा**

किसी पर्यटन स्थल की यात्रा पूरी करके विद्यालय सकुशल पहुंच जाने की सूचना के लिए अपने पिताजी को एक पत्र लिखिए।

**प्रश्न** 23 निम्नलिखित में से किसी एक पर निबंध लिखिए ।

1 संचार क्रांति और भारत

2 नई शिक्षा नीति ।

3 राष्ट्र-निर्माण में युवाशक्ति का योगदान

https://www.mpboardonline.com